Delhi Public School, Howrah

FINAL EXAMINATION (2024-2025)

Class-VII

Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.

SUBJECT: HINDI (3RD LANGUAGE)

अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट **कुल अंक- 40**

सामान्य निर्देश :-

I. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

II. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X5=5)

एक बार एक लोमड़ी बहुत भूखी थी। उसे सुबह से ही कुछ भी खाने को नहीं मिल पाया था। घूमते-घूमते वह एक बगीचे में पहुँची। वहाँ बगीचे में अंगूर की बेलें लगीं हुई थीं। बेलों पर पके अंगूरों के गुच्छे लटक रहे थे। उन्हें देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी भर आया। वह जी भर कर अंगूर खाने के लिए मचल उठी।

अंगूरों को तोड़ने के लिए वह ज़ोर से ऊपर की ओर उछली, परंतु कामयाब न हुई। अंगूर बहुत ऊँचाई पर लटक रहे थे। बार-बार प्रयत्न करने पर भी वह उन तक न पहुँच सकी। अंत में वह भूखी लोमड़ी बहुत थक गई। निराश होकर उसने अंगूर खाने का विचार त्याग दिया। उसने कहा- "मुझे यकीन है कि ये अंगूर खट्टे हैं। ये खाने योग्य नहीं हैं। यदि मैं इन्हें खाऊँगी, तो बीमार पड़ जाऊँगी।" यह कहकर, वह लोमड़ी वहाँ से चली गई।

(क) सुबह से कौन भूखी थी?

(ख) लोमड़ी बगीचे में कैसे पहुँची ?

(ग) लोमड़ी के मुँह में पानी क्यों आ गया?

(घ) लोमड़ी अंगूर पाने में असफल क्यों रही?

(ङ) निराश होकर लोमड़ी ने क्या किया ?

प्रश्न (2) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए- **(1X4=4)**

(क) ढेर सारे -

(ख) अनंत -

(ग) जीव-

(घ) सुरक्षा -

प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्द से वाक्य बनाएँ- **(1X2=2)**

क) मदद -

ख) ज़िद्द -

प्रश्न (4) किसने-किससे कहा- **(1X2=2)**

(क) "अब मैं आपकी सब बातें मानूँगा।"

(ख) "मैं अपनी रक्षा खुद कर सकता हूँ।"

प्रश्न (5) सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए- **(1X5=5)**

प्रतिज्ञा	खत्म	खुश	चाणक्य
पश्चाताप		सूरज	

(क) अंत में बबलू ने ज़िद्द न करने की ---------------------की।

(ख) वसंत आने पर सभी प्राणी------------------ हो जाते हैं।

(ग) चोर ----------------------------की आग में जलकर रोने लगे।

(घ) चोरों ने--------------------- के घर में चोरी करने की योजना बनाई।

(ङ) रामदास अपना काम----------------- कर घर जा चुका था।

प्रश्न (6) कविता की पंक्तियों को मिलाइए- **(1X4=4)**

अ	ब
(क) लेकर सुगंध बह रहा पवन,	(i) इस सुख का हो अब नहीं अंत
(ख) सुंदर लगता है घर आँगन	(ii) हैं आज मधुर सब दिग दिगंत।
(ग) भौरे गाते हैं नया गान	(iii) हरियाली छाई है बन-बन।
(घ) हैं सब जीवों के सुखी प्राण	(iv) कोकिला छेड़ती कुहू तान।

प्रश्न (7) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए- **(1X3=3)**

(क) चाणक्य का बचपन बहुत गरीबी में बीता। ( )

(ख) चोरी करना पुण्य है। ( )

(ग) ‘आया वसंत’ कविता में वर्षा ऋतु का वर्णन है। (   )

प्रश्न (8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(2X5=10)**

(क) आज़ादी का क्या मतलब नहीं होता है?

(ख) बाड़ से बाहर निकल आने के बाद नन्हे पौधे के साथ क्या हुआ?

(ग) वसंत आने पर जग में अनंत शोभा कैसे छा जाती है?

(घ) पत्थर से ठोकर लगने पर नाना जी ने कैलाश को क्या समझाया?

(ङ) चाणक्य की बातों का चोरों पर क्या प्रभाव हुआ?

प्रश्न (9) अनुच्छेद लिखिएः- (80 से 100 शब्दों में) **(5)**

“जब मैं पेड़ पर चढ़ा” अथवा **“हमारे पड़ोसी**” - दोनों विषयों में से किसी **एक** विषय पर **अनुच्छेद** लिखिए-